'सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा दे रहा है ईडीआईआई'

भोपाल. भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय से उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में मान्यता प्राप्त भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) मध्यप्रदेश में 7500 से अधिक सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा दे चुका है। एसआरएलएम के साथ मिलकर ग्रामीण उद्यमिता के विकास के लिए एसवीईपी परियोजना के तहत डिंडोरी, बड़वानी, श्योपुर, शहडोल, सीधी, मंडला, बालाघाट, अलीराजपुर, झाबुआ जिलों में स्टार्टअप विलेज कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। ईडीआईआई के गुजरात से आए महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने बताया कि हमने निजी और राज्य सरकार के कई अन्य प्रमुख संस्थानों के साथ एमओयू किया है।